## एक नजर

### पचमढ़ी महोत्सव को लेकर हुई बैठक, होंगे कार्यक्रम

**नर्मदापुरम.** पचमढ़ी महोत्सव को लेकर संजय गांधी संस्थान में जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में हुई बैठक। बैठक में दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले पचमढ़ी महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई। पचमढ़ी महोत्सव में इस बार भी कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कार्निवाल में विभिन्न झांकियां ओर अन्य आयोजन किये जायेंगे साथ ही स्कूली बच्चे एवं कलाकार भी हिस्सा लेंगे। पचमढ़ी महोत्सव ग्राउंड से प्रारंभ होकर पचमढी शहर में घुमाकर वापस से पचमढ़ी महोत्सव ग्राउंड पर ही समाप्त होगा। इस कार्निवाल में गरबा, भांगड़ा, शिव नृत्य, क्रिसमस, आदिवासी नृत्य, प्रस्तुति एवं अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। इसके अलावा पचमढ़ी के प्रमुख स्थानों पर प्रस्तुति दी जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय सीमा में महोत्सव के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। पचमढ़ी महोत्सव बैठक के दौरान राहुल गजभिए, एसडीएम आपिक खान ,साडा सीईओ रवि नायक, साडा पूर्व अध्यक्ष कमल धूत, उपसंचालक कृषि जे आर हेड़ाऊ परियोजना अधिकारी योगेन्द्र राय, परियोजना अधिकारी शैलेष उके, एस टी आर से संजीव शर्मा, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने देखा एसआईआर कार्य



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/26,नवम्बर,2025**/बुधवार को कलेक्टर ने इटारसी पहुंचकर एसआईआर 2026 के तहत की जा रही गतिविधियों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों के क्लस्टर तैयार कर लगाए गए मतदाता सुविधा शिविरो का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने एमजीएम कॉलेज पहुंच कर एसआईआर के लिए बीएलओ एवं सुपरवाइजर द्वारा किए जा रहे मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र वार अब तक हुए मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य के आंकड़ों का अवलोकन कर निर्देश दिए की उक्त केंद्रों के शेष बचे हुए मतदाता गणना प्रपत्र को डिजिटल करने के लिए प्रतिदिन लगभग 100 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ से स्थानांतरित, मृत तथा अनुपस्थित मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आगामी पांच दिवस के भीतर समस्त कार्य को पूरा किया जाना है। बीएलओ द्वारा प्रस्तुत जवाब पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार के औपचारिक जवाब संतोषप्रद नहीं है। एसडीएम तथा सीएमओ विशेष रूप से बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर की नियमित समीक्षा करें और उनसे प्रत्येक दिवस की अद्यतन जानकारी प्राप्त करें। एएसडीआर श्रेणी में सूचीबद्ध किए गए प्रत्येक मतदाताओं की जानकारी स्पष्ट कारण के साथ तैयार की जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाताओं को नो मैपिंग जोन में चिन्हित किए जाने के पूर्व निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने न्यास क्षेत्र में पहुंचकर लगाए गए मतदाता सुविधा शिविर का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां उपस्थित मतदाताओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इटारसी के यार्ड क्षेत्र में आयोजित मतदाता सुविधा शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर मतदान केंद्र क्रमांक 226, 227, 228, 230 तथा 232 की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की।

**एसडीएम तथा सीएमओ विशेष रूप से बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर की नियमित समीक्षा करें**

कलेक्टर ने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत निवासरत प्रत्येक मतदाता की जानकारी रखें। जिन क्षेत्रों में मतदाताओं द्वारा अब तक गणना प्रपत्र वापस प्रदान नहीं किए गए हैं उन्हें विशेष रूप से कार्यक्रम की समयसीमा से अवगत कराते हुए उनसे प्रपत्र प्राप्त करें। मतदाताओं को जानकारी अद्यतन करने के लिए उन्हें मतदाता सुविधा शिविरों में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ द्वारा संधारित की जा रही एएसडीआर सूची का मिलान एईआरओ, सेक्टर ऑफिसर, एवं सुपरवाइजर स्तर तक की सूचियों से करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की मतदाता सुविधा केंद्र अत्यंत आवश्यक एवं लाभप्रद सिद्ध हुए हैं इसलिए इनका संचालन निरंतर किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री निलेश शर्मा, तहसीलदार श्रीमती सुनीता साहनी, सीएमओ रितु मेहरा, एनएलएमटी पंकज दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# ट्रेनों के स्टॉपेज, आधुनिकीकरण की सांसद ने बैठक में रखी मांग



रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद दर्शन सिंह

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 26 नवम्बर** नई दिल्ली संसदीय सौध में मंगलवार को मुख्य समिति कक्ष में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में लोकसभा सांसद एवं रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य दर्शन सिंह चौधरी सम्मिलित हुए। सांसद श्री चौधरी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के कुशल नेतृत्व में भारतीय रेलवे के नेटवर्क निरंतर विस्तार हो रहा है। श्री चौधरी ने बताया कि रेल मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में भारतीय रेलवे की प्राथमिकताओं की गहन समीक्षा के साथ, अवसंरचना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने और यात्रियों एवं माल दोनों के लिये परिवहन के एक विश्वसनीय, कुशल एवं सुरक्षित साधन के रूप में इसकी स्थिति के लिये एक रणनीतिक रोडमैप तैयार किया जा रहा है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के सर्वांगीण विकास हेतु सुझाव एवं आग्रह सहित प्रस्ताव सौपा जिसमें होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशन पश्चिम-मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशन हैं, जहाँ यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्तमान सुविधाएँ यात्रियों की आवश्यकताओं एवं सुरक्षा के लिए नरसिंहपुर करेली गाडरवारा, होशंगाबाद, पिपरिया, बनखेड़ी, सालीचौका, सोहागपुर, गुरमखेड़ी बागरातवा, गुर्रा सोनतलाई, सिवनी मालवा, डोलरिया, पवारखेड़ा में प्लेटफ़ॉर्म की ऊँचाई बढाने, यात्रियों हेतु छाया शेड का निर्माण का आग्रह किया। इस अवसर सांसद श्री चौधरी ने ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की।

### क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**नर्मदापुरम** मप्र जैव विविधता बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार, जिला यूनियन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय जैव-विविधता क्विज प्रतियोगिता-का सफल आयोजन शासकीय एस.एन.जी. विद्यालय, नर्मदापुरम के सभागार में हुआ।

# स्थायी कृषि में सूक्ष्म जीवों के महत्व को समझाया

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 26 नवम्बर** लाइफ साइंस विभाग हरदा डिग्री कॉलेज के द्वारा स्थायी कृषि और जैव विविधता संरक्षण में सूक्ष्मजीवों की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में कृषि विज्ञान केंद्र, हरदा से सीनियर वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संध्या मुरे तथा डॉ. ओमप्रकाश भारती, वैज्ञानिक पादप संरक्षण विषय विशेषज्ञ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्थायी कृषि में सूक्ष्मजीवों के महत्व, मृदा उर्वरता वृद्धि, जैव उर्वरकों के उपयोग, तथा जैव विविधता संरक्षण में माइक्रोब्स की निर्णायक भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मुरे ने बताया कि सूक्ष्मजीव न केवल पौधों की वृद्धि बढ़ाते हैं, बल्कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी सहायक हैं। वहीं डॉ. भारती ने पादप रोग नियंत्रण, जैविक कीटनियंत्रण एवं इको-फ्रेंडली कृषि तकनीकों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहा.प्राध्यापिका अभिलाषा टांक मेडम द्वारा किया गया।



### संविधान दिवस की शपथ

**नर्मदापुरम** आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय परिसर मे स्थित सभी शासकीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीयों तथा आयुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने संविधान दिवस की शपथ ली।

# कुसुम महाविद्यालय एवं नगरपालिका में संविधान दिवस पर ली शपथ

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 26 नवम्बर** सिवनी मालवा नगर पालिका सभाकक्ष में संविधान दिवस पर नपाध्यक्ष रितेश रिंकू जैन, नपा सीएमओ अमर सिंह उइके की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान की शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की। इसके बाद भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष रितेश रिंकू जैन ने भारतीय संविधान की उत्पत्ति, उसकी विशेषताओं और देश की प्रगति में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जिसने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और नागरिक अधिकारों के संरक्षण में संविधान के योगदान का उल्लेख किया। नपा सीएमओ अमर सिंह उइके ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि संविधान ने हर नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाई है और इसी संतुलन के कारण देश मजबूत दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### आज पूर्व मंत्री पटेल सिंचाई परियोजना का करेंगे शुभारंभ

**हरदा** – सोनतलाई मंडल अध्यक्ष बंशीलाल पवार ने बताया कि आज 27 नवंबर को समय प्रातः 10 बजे से ग्राम सोनतलाई तहसील हंडिया में मां नर्मदा जी के आशीर्वाद से हरदा जिले के 118 गांव की 39976 हेक्टेयर ( 1लाख एकड़) भूमि सिंचाई हेतु शहीद ईलाप सिंह माइको उद्धवहन सिंचाई परियोजना के पाईप लाईन डलने कार्य का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल के मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके सहित विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा संपन्न किया जाएगा। मां नर्मदा जी पूजा अर्चना एवं भोजन प्रसादी दोपहर 12.00 बजे की जाएगी।

### शहीदी दिवस पर भव्य समारोह

**पिपरिया, 26 नवम्बर** शहीद भगत सिंह शासकीय पी.जी. कालेज में सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय की एन.एस.एस. बालिका इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

# छात्रवृत्ति का शत-प्रतिशत वितरण किया जाए

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/26,नवम्बर,2025** / नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री मनीष वर्मा को निर्देश दिए की वह संभाग के सभी जिलों के स्कूलों के विद्यार्थियों को शत प्रतिशत नामांकन नंबर आवंटित कराए। साथ ही सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक एवं पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं साइकिल का वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिला शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं बीईओ फील्ड में जाकर स्कूलों का भ्रमण करें और स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आवश्यक सुधार लाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की जिन विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के पद रिक्त हैं वहां प्राथमिकता से उन पदों को भरा जाए। उल्लेखनीय है कि कमिश्नर श्री तिवारी बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, अनुसूचित जाति विकास एवं जनजाति कार्य विभाग (अंत व्यवसायी विकास निगम, आदिवासी वित्त विकास निगम सहित) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जिला पेंशन विभाग की संभागीय समीक्षा ले रहे थे। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री वर्मा को निर्देश दिए कि वह शिक्षा विभाग में पदस्थ अपने कर्मचारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी करें, सभी कर्मचारियों की ई ऑफ़िस सिस्टम की आईडी अनिवार्य रूप से बनाएं सभी कर्मचारीयों को ऑन बोर्ड करें। सभी कार्य ई ऑफिस के माध्यम से करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की एक सप्ताह में स्कूल शिक्षा विभाग अपने कार्यालय में सार्थक एप के माध्यम से अपने कर्मचारियों की अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति का फेल ट्रांजैक्शन हो गया है, ऐसे विद्यार्थियों के बैंक खाते प्राथमिकता से सुधारे जाएं। उन्होंने एनपीएस के लंबित प्रकरण एवं निलंबन के प्रकरणों पर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहां की यदि कोई न्यायालय प्रकरण नहीं है या कोई गंभीर आरोप नहीं है तो कर्मचारी एवं शिक्षकों के निलंबन के प्रकरण बहाल किये जाए।

# ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ कथित टिप्पणी से रोष

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 26 नवम्बर** नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच पर 'ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी' करने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। समाज ने वर्मा के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई और पद से हटाने की मांग की है। कल इस संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज इटारसी थाने में एफआईआर कराने और सीएम से वर्मा को पद से हटाने की मांग लेकर दोपहर 1 पहुंचेंगे। इससे पहले सभी रेस्ट हाउस में एकत्र होंगे। सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल, का नेतृत्व समाज के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र ओझा कर रहे हैं, उन्होंने घोषणा की है कि इस आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ टिप्पणी के संबंध में कल पुलिस में औपचारिक शिकायत (एफआईआर) दर्ज कराई जाएगी। समाज मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करेगा और अधिकारी संतोष वर्मा को उनके वर्तमान पद से हटाने का ज्ञापन सौंपेगा। पंडित जितेंद्र ओझा ने अपने बयान में अधिकारी के पुराने विवादों का भी उल्लेख किया, जिनमें कथित तौर पर 420 के आरोप में जेल जाने और सार्वजनिक रूप से एक महिला द्वारा अपमानित होने की घटनाएं शामिल हैं, और कहा कि ऐसे व्यक्ति का प्रशासनिक पद पर बने रहना स्वीकार्य नहीं है।



### शक्ति केन्द्र क्रमांक-2 पर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**सिवनी मालवा 26 नवम्बर** सिवनी मालवा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (स्ढ्डक्र) के तहत नगर मंडल शक्ति केन्द्र क्रमांक-2, वीर शिवाजी वार्ड (वार्ड क्रमांक 4, 14 व 15) तथा बूथ क्रमांक 71, 73, 74 व 75 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है या संशोधन आवश्यक है, वे शीघ्र अपना नाम जुड़वाएं, जिससे आगामी निर्वाचन में कोई भी वंचित न रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि मतदाता सूची में सही व पूर्ण अपडेट लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल शक्ति है।

# कैडेटस को साइबर जागरुकता का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 26 नवम्बर** आज नर्मदापुरम में एनसीसी कैडेट्स को साइबर जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क करना एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को जागरुक कर कहा कि कभी भी किसी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, अपनी बैंकिंग/व्यक्तिगत जानकारी किसी भी अज्ञात व्यक्ति को फोन पर न दें, किसी प्रकार के एसआईआर फॉर्म, एपीके फाइल डाउनलोड न करें व संदिग्ध कॉल पर कोई जानकारी साझा न करें, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स में टू-स्टेप वेरिफिकेशन तथा अन्य प्राइवेसी सेटिंग्स का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। यह स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के नाम पर वीडियो कॉल करके धमकाता है या पैसों की मांग करता है, तो तुरंत इसकी शिकायत करें।

### प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे ने गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किए

**पिपरिया** रीवा के नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्य स्तरीय मास्टर एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर एथलीट प्रतियोगिता में स्टेशन रोड थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवीश बोहरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल अपने नाम किए। रवीश बोहरे ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा उन्होंने 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद में दूसरा स्थान हासिल कर दो रजत पदक भी प्राप्त किए। उनके इस प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन हुआ है।

### चंदन का हुआ चयन

**हरदा** जिला क्रिकेट एसोसिएशन हरदा के कोच चंदन सांगुले का चयन नर्मदापुरम् डिविजन के अंडर-22 डिविजन कैंप में असिस्टेंट कोच के रूप में हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी ने बताया कि यह कैंप 24 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर नर्मदापुरम् डिविजन क्रिकेट संघ के चेयरमैन विवेक अग्रवाल , कोच मेहमूद कुरैशी , जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, राजू तिवारी, तथा हरदा जिले के अनेक खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने चंदन सांगुले को शुभकामनाएँ और बधाई दी.

### दो माह तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम** अपर कलेक्टर जिला नर्मदापुरम श्री राजीव रंजन पाण्डे ने बताया कि उप मुख्य अभियंता, निर्माण प्रथम, प.म.रे., भोपाल के अनुसार, इटारसी के दा पार्क होटल के सामने स्थित ऋह्र.क्र 05 की सरफेस मेंटेनेंस का कार्य दो माह तक चलेगा। इस अवधि में शहर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहनों—बस, ट्रक, डम्पर, ट्रॉला आदि—का पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। रेलवे अधिकारी ने इस कार्य के लिए मार्ग परिवर्तन (डायवर्ट) की व्यवस्था की है। 17 अक्टूबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी ने रेलवे अधिकारियो के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण किया और रिपोर्ट सौंपी। उप-पुलिस अधीक्षक (यातायात) नर्मदापुरम तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने वैकल्पिक मार्गों की शर्त पर यातायात सुचारू रखने का अभिमत दिया। दो माह वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.

**मिसाल** भाजपा जिला महामंत्री ज्योति चौरे के पुत्र के साथ हुआ विवाह

# मुस्कान संस्था की बेटी का विवाह वैदिक संस्कार से हुआ



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी,26 नवम्बर** संस्कार, सेवा और बेटियों के संरक्षण की मिसाल मुस्कान संस्था की बेटी शिवानी का विवाह बुधवार को पूरे वैदिक विधि-विधान और हर्षोल्लास हुआ। इस शुभ अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों की बड़ी उपस्थिति रही, जिसने समारोह को सामाजिक एकता का अनूठा रूप दे दिया। शिवानी का विवाह भाजपा जिला महामंत्री ज्योति चौरे के पुत्र के साथ हुआ। बारात का नगर में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया और पुष्पवर्षा की गई। स्वागत करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भगवान सिंह ठाकुर, कृष्ण अग्रवाल और जसबीर सिंघ छाबड़ा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

गायत्री परिवार के आचार्यों द्वारा पूर्ण हिंदू परंपरा में कराए, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। सेवा और संस्कार की मिसाल मुस्कान संस्था असहाय और वंचित बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और संस्कारमय पालन का वर्षों से बड़ा दायित्व निभा रही है। संस्था की एक प्रमुख विशेषता यह है कि विवाह योग्य आयु होने पर वह अपनी बेटियों का विवाह वर-वधू की आपसी सहमति, पारिवारिक गरिमा और पूरे सामाजिक सम्मान के साथ कराती है। संस्था पिछले वर्षों में कई बेटियों के विवाह इसी तरह धूमधाम और वैदिक संस्कारों से संपन्न करा चुकी है।संस्था संचालक मनीष ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, ये हमारी संस्था की बेटियां नहीं, बल्कि हमारी अपनी बेटियां हैं। ठीक एक पिता की तरह। जनप्रतिनिधियों ने सराही पहल विवाह समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संस्था की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुस्कान संस्था समाज में सेवा और संस्कार की अनूठी परंपरा स्थापित कर रही है। विधायक विजयपाल सिंह ने भी इस विवाह संस्कार को प्रेरणादायक करार दिया। पीयूष शर्मा ने भी नवदंपति को आशीर्वाद दिया. समारोह में अतिथियों की प्रभावशाली मौजूदगी रही, जिनमें प्रीति शुक्ला, राहुल सिंह सोलंकी, भूपेंद्र चौकसे, गोकुल पटेल, राहुल चोरे, गौरव सिंह बुंदेला, सतीश सांवरिया सहित शहर के गणमान्य और सम्मानित नागरिकों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

### कुसुम महाविद्यालय में विविध कार्यक्रम

**सिवनी मालवा** शासकीय कुसुम महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विविध शैक्षिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्य, नागरिक दायित्व, राष्ट्रीय चेतना एवं लोकतांत्रिक भावनाओं को सुदृढ़ करना था।

कुसुम महाविद्यालय परिसर में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन एवं शपथ ग्रहण प्राचार्य के नेतृत्व में समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने संविधान के प्रति निष्ठा, मूल्यों की रक्षा एवं कर्तव्यपालन का संकल्प लिया। पश्चात संविधान आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया जिसमें संविधान निर्माण की प्रक्रिया, संविधान निर्माताओं के योगदान तथा नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्राप्त हुई।

# राष्ट्रीय संविधान दिवस पर अधिकार से पहचान कर्तव्य से सम्मान आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 26 नवम्बर** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर सिनर्जी संस्थान द्वारा स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'अधिकार से पहचान-कर्तव्य से सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि हमारे संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य शामिल किये गये हैं, जिनकी हम सबको जानकारी होना चाहिए और हमें इनका पालन भी करना चाहिए। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हम संविधान के सिद्धांतों पर चर्चा करें और इसमें प्राप्त अधिकारों और कर्तव्यों को समझें। उन्होने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। विद्यार्थी जनकल्याणकारी योजनाओं के जानकार रहें। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण का प्रभावी प्लेटफार्म है। इसमें दर्ज शिकायत एवं समस्याओं का जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से अध्ययन किया जाता है एवं नियमानुसार उनका निराकरण किया जाता है। कार्यक्रम में खेल विभाग, ई-गवर्नेंस, स्कूल शिक्षा, ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।